17/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सर्वोच्च न्यायालय संशोधन अध्यादेश, 2026 के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को तैंतीस से बढ़ाकर सैंतीस करने की मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार इस अध्यादेश के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय अधिनियम, उन्नीस सौ छप्पन में संशोधन किया गया है। इस संशोधन से मुख्य न्यायाधीश सहित सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर अड़तीस हो गई है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने नीदरलैंड्स की दो दिवसीय यात्रा पूरी की। स्वीडन की दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी आज अपने **स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन** के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही व्यापार, पर्यावरण अनुकूल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उभरती प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, रक्षा, अंतरिक्ष, जलवायु संरक्षण के प्रयास और आपसी संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर भी चर्चा होगी। दोनों प्रधानमंत्री यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन के साथ यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को भी संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। यह यूरोप का एक प्रमुख व्यावसायिक मंच है।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 134वां एपिसोड होगा। लोग टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के ज़रिए इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov ओपन फोरम के ज़रिए ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। नागरिक 1922 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और SMS में मिले लिंक पर जाकर सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव दे सकते हैं। आने वाले एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 29 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000000000000000000

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कांगो और युगांडा में इबोला के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए आपात स्थिति घोषित किया है। इस बीमारी से तीन सौ से अधिक लोग पीड़ित हैं और 88 की मौत हुई है। हालांकि, संगठन ने स्पष्ट किया है कि इबोला का संकट कोविड-19 जैसी महामारी जैसा नहीं है। संगठन ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को बंद न करने की सलाह भी दी है।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग ने आज ईटानगर स्थित अपने कार्यालय में, APPEIRC की पूर्व सदस्य डॉ. जोरम अनिया के सम्मान में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन डॉ. अनिया को नई दिल्ली स्थित नीति आयोग में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में किया गया। इस विदाई समारोह में आयोग के अध्यक्ष त्सेरिंग नाक्सांग, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, आयोग के अध्यक्ष श्री नाक्सांग ने आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान डॉ. जोरम अनिया द्वारा दिए गए बहुमूल्य योगदान और समर्पित सेवाओं की सराहना की। उन्होंने नियामक संस्था के कामकाज को सुदृढ़ बनाने और राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उनके समर्पण और प्रयासों को विशेष रूप से रेखांकित किया।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विज्ञान केंद्र, ने वेस्ट सियांग, लेपारादा और लोअर सियांग ज़िलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। इन ज़िलों में गरज के साथ तूफ़ान आने और कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश के 13 अन्य ज़िलों के लिए भी 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

000000000000000000

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सी.बी.आई. ने नीट पेपर लीक मामले में पुणे से एक अन्य अभियुक्त प्रोफेसर मनीषा मंधारे को गिरफ्तार किया है। वे पुणे के एक कॉलेज में वनस्पति शास्त्र की अध्यापक हैं। सी.बी.आई. के अनुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंधारे को परीक्षा प्रक्रिया में विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया था। इससे पहले, सी.बी.आई. ने 14 मई को पुणे से ही मनीषा वाघमरे का गिरफ्तार किया था। दोनों अभियुक्तों को कल पुणे की एक अदालत में पेश किया गया और बाद में जांच के लिए दिल्ली लाया गया। इस बीच, सी.बी.आई ने मामले की जांच करते हुए देश में छह स्थानों पर छापे मारे हैं।

0000000000000000

सरकार ने कहा है कि सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ी है। 12वीं के परिणामों पर आज नई दिल्ली में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने मार्किंग और उत्तीर्णता प्रतिशत में मामूली गिरावट पर चिंता जताई है। सचिव ने बताया कि सीबीएसई ने इस वर्ष ऐसी प्रणाली लागू की है जिससे मूल्यांकन में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। सचिव ने कहा कि सीबीएसई ने पुनर्मूल्यांकन शुल्क कम कर दिया है।

000000000000000000000

चीन में आयोजित 'बाओजी चाइना मास्टर्स' बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत की श्रीयांशी वलीशेट्टी ने महिला एकल वर्ग में रजत पदक जीता। बाओजी सिटी जिम्नेजियम में हुए इस 'सुपर 100' टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में, उन्हें स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी एन क्यू युआन के हाथों सीधे सेटों में 14-21, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

0000000000000000000000